झारखण्ड सरकार
झारखण्ड संयुक्त प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा पर्षद

विज्ञापन संख्या : जे॰सी॰ई॰सी॰ई॰बी॰ / 08 / 23 –74 ,राँची / दिनांकः 22 / 09 / 2023

नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (ANM/GNM)–2023 के परीक्षाफल के आधार पर प्रथम, चक्र ऑनलाईन साक्षात्कार के आयोजन से संबंधित आवश्यक सूचना

दिनांक–13.08.2023 (रविवार) को आयोजित नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा (ANM/GNM)–2023 का परीक्षाफल दिनांक–25.08.2023 को पर्षद के वेबसाईट पर जारी कर दी गयी है जिसे डाउनलोड कॉलम में देखा जा सकता है।

राज्य के नर्सिंग संस्थानों (सरकारी नर्सिंग संस्थानों के सभी सीटों एवं गैर–सरकारी संस्थानों के 50% मुक्त सीटों) के ANM/GNM पाठ्यक्रम में नामांकन की अनुशंसा हेतु प्रथम ऑनलाईन साक्षात्कार दिनांक–23.09.2023 से आयोजित की जा रही है।

स्वास्थ्य चिकित्सा शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग के अधिसूचना सं0–10 / नर्सिंग–10–17 / 2021 103 (10) दिनांक–28.04.2023 के आलोक में नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2023 के परीक्षाफल में उत्तीर्ण अभ्यर्थी इस साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2023 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची पर्षद के **http://jceceb.jharkhand.gov.in** के डाउनलोड कॉलम में देखी जा सकती है।

2. नर्सिंग पाठ्यक्रमों ANM/GNM की सीटों के आवंटन हेतु आयोजित ऑनलाईन साक्षात्कार का कार्यक्रम निम्न प्रकार है :–

Time Schedule for 1st Round of Online Counselling for Nursing Courses

Sl. No.	Activity	Date
1.	Online Registration, Uploading of documents and Choice Filling for seat Allotment	23.09.2023 to 25.09.2023
2.	Issue of Provisional seat Allotment Letter	27.09.2023
3.	Documents Verification and Admission in the concerned nursing Institute	28.09.2023 to 30.09.2023

3. नर्सिंग प्रवेश प्रतियोगिता परीक्षा–2023 में उत्तीर्ण अभ्यर्थियों की सूची में शामिल सभी अभ्यर्थी उपलब्ध संस्थानों / पाठ्यक्रमों में से अपने लिये पाठ्यक्रम / संस्थान का चयन प्राथमिकता (Priority) के अनुसार पर्षद के वेबसाईट पर उपलब्ध Click here for All Online Counselling JCECEB-2023 Link पर Click कर दिये गये दिशा निर्देशों का अनुसरण करते हुए निबंधन (Registration) कर विकल्पों का चयन कर लें। **विकल्पों को भरने की संख्या पर कोई प्रतिबंध नहीं है। अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे सीटों के आवंटन हेतु अधिक से अधिक विकल्पों को भरें।**

4. वांछित प्रमाण पत्रों यथा स्थानीय निवासी प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, आय एवं सम्पति प्रमाण पत्र, विकलांगता प्रमाण पत्र का प्रारूप पर्षद के वेबसाईट के डाउनलोड कॉलम में उपलब्ध है।

5. **साक्षात्कार शुल्क**:– अभ्यर्थियों द्वारा साक्षात्कार शुल्क Payment Gateway के माध्यम से Credit Card/Debit Card/Net Banking/UPI के द्वारा निम्न तालिका के अनुसार भुगतान किया जाना है जो अप्रतिदेय (Non-refundable) होगा :–

Sl.No.	**Category**	**Counselling Fee**
1.	General/EWS/BC-I/BC-II	Rs. 400.00
2.	Female Candidate of all categories	Rs. 250.00

परीक्षा नियंत्रक के आदेश से,

(रंजीता हेम्ब्रम, झा०प्र०से०)
उप परीक्षा नियंत्रक